


## राजनीतिक

- **क्या प्रधानमंत्री ने मंत्रियों से इंस्टाग्राम पर युवाओं से जुड़ने के लिए कहा?**

आधुनिक राजनीतिक पहुंच की दिशा में एक रणनीतिक कदम के तहत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल मंत्रियों को डिजिटल माध्यमों, विशेष रूप से इंस्टाग्राम पर अपनी उपस्थिति बढ़ाने का निर्देश दिया है। हाल ही में हुई मंत्रिमंडल बैठक में, प्रधानमंत्री ने नेताओं को नियमित रूप से संवादात्मक सामग्री पोस्ट करने, लघु वीडियो बनाने और रोजमर्रा की कहानियाँ साझा करने की सलाह दी, ताकि देश के ऊर्जावान युवाओं के साथ सीधा संबंध स्थापित किया जा सके। इस कदम के पीछे का तर्क बदलती मीडिया आदतों के अनुरूप ढलना है। यह मानते हुए कि पारंपरिक भाषण और औपचारिक प्रेस विज्ञप्तियां अक्सर जेनरेशन ˊ और मिलेनियल दर्शकों तक नहीं पहुंच पातीं, प्रधानमंत्री मोदी ने 'उनकी भाषा' में बोलने की आवश्यकता पर जोर दिया। छोटे वीडियो प्रारूपों को अपनाकर, मंत्रियों को नीतिगत पहलों को सरल भाषा में समझाने, जन कल्याणकारी उपलब्धियों को उजागर करने और जटिल शासन विषयों को सहज और आसानी से समझ में आने वाले लहजे में प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। सहभागिता के अलावा, इस निर्देश का उद्देश्य ऑनलाइन गलत सूचनाओं का सक्रिय रूप से मुकाबला करना और आधिकारिक कथनों को अद्यतन और सुलभ बनाए रखना है।

- **कांग्रेस नेतृत्व देशव्यापी युवा विरोध प्रदर्शनों का निर्देशन करने के लिए तैयार**

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा युवाओं से संबंधित मुद्दों पर सरकार के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। इस नियोजित आंदोलन में मुख्य रूप से परीक्षा प्रश्नपत्रों के लगातार लीक होने, ह्श्वश्वज्ञ जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विवादों, व्यापक बेरोजगारी और हाल ही में छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की हिंसक कार्रवाई को लेकर बढ़ती शिकायतों को उठाया जाएगा। यह आंदोलन नई दिल्ली में हाल ही में हुए बड़े प्रदर्शनों के बाद शुरू हुआ है, जहां कांग्रेस नेतृत्व ने छात्र मार्च पर पुलिस की कार्रवाई के लिए जवाबदेही की मांग करते हुए प्रधानमंत्री आवास के पास विरोध प्रदर्शन किया था। इन प्रदर्शनों में मुख्य भूमिका निभाकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का लक्ष्य जमीनी स्तर पर छात्रों की असंतुष्टि को एक समन्वित राष्ट्रीय अभियान में बदलना है।

## प्रशासनिक

- **नेहा वर्मा को डीडीए में प्रधान आयुक्त के रूप में पदस्थापन मिला**

सुश्री नेहा वर्मा को आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के अधीन दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) में प्रधान आयुक्त (संयुक्त राज्य स्तर) के रूप में नियुक्त किया गया है। वह उत्तराखंड कैडर की 2005 बैच की भारतीय वन सेवा (आईएफओएस) अधिकारी हैं।

- **सुधीर श्याम संयुक्त सचिव, दीपम हैं**

सुधीर श्याम को निवेश एवं सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) में संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। वे 1999 बैच के आईईएस अधिकारी हैं।

- **कुलदीप नारायण एनएलटी आयोग के सलाहकार हैं**

कुलदीप नारायण को राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय न्याय आयोग में सलाहकार (न्यायिक स्तर) के रूप में 1 सितंबर, 2027 तक कुल आठ वर्षों के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया गया है। वह बिहार कैडर के 2005 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

- **वी ललितालक्ष्मी एलबीएसएनएए में प्रोफेसर के रूप में शामिल होंगी**

सुश्री वी. ललितलक्ष्मी को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में प्रोफेसर (जेएस स्तर) के पद पर सात वर्ष की संयुक्त अवधि के लिए 28 फरवरी, 2029 तक के लिए नियुक्त किया गया है। वह पश्चिम बंगाल कैडर की 2008 बैच की आईएएस अधिकारी हैं।

- **सौरभ कुमार वित्तीय सेवाओं के संयुक्त सचिव हैं (अद्यतन)**

सौरभ कुमार को वित्तीय सेवा विभाग में संयुक्त सचिव के रूप में 22 जून, 2030 तक पांच वर्षों के लिए नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति अस्थायी रूप से दो वर्षों की अवधि के लिए निदेशक/डीएस स्तर के रिक्त पद को उन्नत करके की गई है। वे छत्तीसगढ़ कैडर के 2009 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

- **सरकार ने गुंजन कृष्णा को मत्स्य पालन विभाग का संयुक्त सचिव नियुक्त किया**

सुश्री गुंजन कृष्णा को मत्स्य पालन विभाग में संयुक्त सचिव के रूप में पांच वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है। वह कर्नाटक कैडर की 2004 बैच की आईएएस अधिकारी हैं।

- **तेजप्रताप सिंह एफसीआई के नए ईडी बने**

तेजप्रताप सिंह को खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में कार्यकारी निदेशक के रूप में 30 नवंबर, 2030 को उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि तक के लिए नियुक्त किया गया है। वे 1999 बैच के आईआरटीएस अधिकारी हैं।

- **कार्तिकेय माथुर एनडीएमए के सलाहकार**

कार्तिकेय माथुर को गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) में सलाहकार (संयुक्त सलाहकार स्तर) के रूप में 25 सितंबर, 2028 तक पांच साल के कुल कार्यकाल के लिए नियुक्त किया गया है। वह 2004 बैच के आईए एंड एएस अधिकारी हैं।

- **कुमार रवि कांत सिंह संयुक्त सचिव, महामहिम एवं शहरी प्रबंधन विभाग (जेएस) हैं**

कुमार रवि कांत सिंह, आईएएस (यूपी: 2008) को आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में 1 जून, 2027 तक के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया गया है। वे यूपी कैडर के 2008 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

- **सुमित गर्ग को आईईपीएफए के सीईओ के रूप में नई पोस्टिंग मिली**

सुमित गर्ग को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के अधीन निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष प्राधिकरण (आईईपीएफए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में 31 अगस्त, 2029 तक सात वर्षों के संयुक्त कार्यकाल के लिए नियुक्त किया गया है। वह 2002 बैच के आईआरएसईई अधिकारी हैं।

- **राजेश कुमार सिंह को पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा**



रक्षा विभाग के सचिव राजेश कुमार सिंह को सुकृति लिखी की अवकाश अवधि के दौरान 26 जुलाई, 2026 से 11 अगस्त, 2026 तक पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वे केरल कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

- **प्रवीण लक्ष्मीनारायण अग्रवाल पूर्व सैनिक कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव**

प्रवीण लक्ष्मीनारायण अग्रवाल को पूर्व सैनिक कल्याण विभाग में संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। वे त्रिपुरा कैडर के 1994 बैच के भारतीय वन सेवा (आईएफओएस) अधिकारी हैं।

### सपा-कांग्रेस की देन हैं नकल माफिया, इनकी जगह जेल या जहन्नुम : योगी आदित्यनाथ

# मुख्यमंत्री ने फतेहपुर में 489 करोड़ की 125 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, फतेहपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि नकल माफिया समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की देन है। इनकी जगह जेल या जहन्नुम होगी। नकल माफिया मिट्टी में मिलेंगे। युवाओं के भविष्य के खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ नरेन्द्र मोदी सरकार ने कड़े फैसले लिए हैं। इसके लिए मै प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देता हूं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जनपद फतेहपुर की दो विधान सभा क्षेत्रों में 489 करोड़ से अधिक की 125 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जनपद के पौराणिक स्थलों, वीरों, कवियों, लेखकों और पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी को नमन करते हुए कहा कि 2017 से पहले फतेहपुर आकांक्षी जनपद में शामिल था। यानी सबसे पिछड़ा जनपद था। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि विकास, आद्योगिक विकास और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर में जो पैरामीटर देश के अंदर तय किए गए थे, उनमें सबसे पिछड़े जनपदों में फतेहपुर की गिनती होती थी। विकास यहां से कोसो दूर था।

योगी ने यहां के विकास के पैसों की सैफई सिंडिकेट द्वारा लूट मचा दी जाती थी। फतेहपुर जनपद सैफई सिंडिकेट के डकैती का अड्डा बन गया था। यहां की योजनाओं को सैफई के अंदर नाच गानों पर खर्च कर दिया जाता था। तब यहां न सड़क थी, न बिजली थी, न मेडिकल कॉलेज था और औद्योगिक निवेश की बात ही क्यों करनी है। उस प्रकार वातावरण ही नहीं था। बड़ी अजीब-सी परिस्थिति थी। एक ओर कानपुर का औद्योगिक क्षेत्र और एक ओर प्रयागराज का आद्योगिक क्षेत्र। एक ओर गंगा दूसरी ओर यमुना लेकिन यह जनपद पिछड़ा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस जनपद के नौजवानों के सामने पहचान का संकट था। सैफई सिंडिकेट नौजवानों की नौकरी पर डकैती डालता था। एक नौकरी निकलती थी। चाचा-भतीजे की जोड़ी वसूली करने के लिए निकल पड़ती थी। याद कीजिए 2012 से 2017 के बीच जितनी नौकरियां निकाली गयीं, सब विवादित रहीं। कहीं भी मेरिट का ख्याल नहीं रखा गया। योग्य लोगों को नौकरी नहीं मिली। 2017 के बाद नेतृत्व में जो परिवर्तन हुआ, आज आप सबके सामने है। उन्होंने कहा कि अकेले यूपी में हम लोगों ने पिछले नौ सालों में उप्र में नौ लाख से अधिक सरकारी नौकरी युवाओं को दी गयी है। आज कोई भी भर्ती प्रक्रिया पूरी होने पर मै नियुक्ति पत्र बांटता हूं तो उसमें फतेहपुर के युवा भी दिखाई देते हैं। मुझे अच्छा लगता है कि फतेहपुर का युवा भी नौकरी प्राप्त कर रहा है। आज सड़क, बिजली, कम्पोजिट विद्यालय, निवेश हो, स्वास्थ्य, अस्पताल और मेडिकल कॉलेज बन रहा है। याद कीजिए फतेहपुर के निर्भीक पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी के नाम पर कानपुर में मेडिकल कॉलेज बन गया। फतेहपुर वंचित था। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके (सपा) एजेंडे में प्रदेश का युवा, किसान और विकास नहीं था। उनके एजेंडे में केवल सैफई के विकास का था। अब सबका साथ सबका विकास का मंत्र के साथ डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन्होंने युवाओं का शोषण किया, उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया, आज समाजवादी पार्टी और कांग्रेस घड़ियाली आंसू बहा रही है। हम आभारी हैं प्रधानमंत्री मोदी के प्रति जिन्होंने छात्रों के भविष्य को देखते हुए पिछले तीन दिनों के अंदर बड़े-बड़े निर्णय लिए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की और कल कैबिनेट ने निर्णय लिया कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले नकल माफिया को कम से कम 10 वर्ष की सजा और 10 करोड़ रुपये तक फाइन की व्यवस्था की गयी। कैबिनेट ने पास कर लिया है। सोमवार को संसद में यह बिल आने वाला है। मानकर चलिए नकल माफिया मिट्टी में मिलेंगे। माफिया को मिट्टी में मिलने से कोई रोक नहीं सकता। योगी ने कहा कि ये नकल माफिया कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की विरासत है।

# सिंदुरवा के पास मालगाड़ी के 7 वैगन डिरेल, चार घंटे तक यातायात प्रभावित



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, अमेठी :** अमेठी जनपद अंतर्गत जगदीशपुर क्षेत्र के सिंदुरवा रेलवे स्टेशन के पास शनिवार सुबह इंडोरामा उर्वरक इकाई की साइडिंग पर खाद लादने जा रही एक मालगाड़ी के सात वैगन पटरी से उतर गए। यह हादसा सुबह करीब पांच बजे सिंदुरवा स्टेशन से लगभग 300 मीटर दूर प्वाइंट संख्या-80 पर हुआ। गनीमत रही कि मुख्य रेलवे लाइन सुरक्षित रही, जिससे बड़ा रेल हादसा टल गया।

घटना की सूचना मिलते ही लखनऊ मंडल के एडीआरएम, जीआरपी, आरपीएफ तथा रेलवे के इंजीनियरिंग और परिचालन विभाग के करीब 100 अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। रेलवे टीम ने सुरक्षित वैगनों को हटाकर ट्रैक बहाली का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया, जबकि डिरेल हुए सात वैगन और गार्ड का डिब्बा मौके पर ही रहे। हादसे के कारण रेलवे क्रॉसिंग करीब चार घंटे तक बंद रही, जिससे शुकुल बाजार, महोना, ऊंचगांव और जगदीशपुर क्षेत्र की लगभग 40 हजार आबादी प्रभावित हुई। औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों, कर्मचारियों, किसानों, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं और स्थानीय लोगों को कई किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ा। कई छात्र भी देर से विद्यालय पहुंचे।

कमरौली थाना प्रभारी मुकेश पटेल ने बताया कि रेलवे अधिकारियों के अनुसार डिरेलमेंट के कारणों की जांच कराई जा रही है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और ट्रैक को पूरी तरह बहाल करने का कार्य जारी है।

### रामनगर क्षेत्र में प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने किया निरीक्षण

# अधिकारियों को नियमित स्वच्छ कार्य कराने के दिए निर्देश



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रभारी जनपद वाराणसी के रामनगर क्षेत्र में शनिवार की सुबह सेवा बस्तियों एवं अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कर मूलभूत नागरिक सुविधाओं का निरीक्षण किया।

प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि रामनगर में बारिश के कारण कई जगह जलभराव और कीचड़ हुआ है। जिसके निस्तारण के लिए नगर निगम के अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करते हुए स्वच्छता कार्य कराना आवश्यक है। उन्होंने कूड़ा निस्तारण समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर आयुक्त को विशेष रूप से रामनगर क्षेत्र का ध्यान देने के लिए निर्देशित किया।

इस दौरान मंत्री सुरेश खन्ना ने कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव और स्थानीय नागरिकों से आत्मीय संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण में कुछ समय निकाल कर मंत्री सुरेश खन्ना ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अलीगंज आग हादसा : एलडीए ने बुलडोजर से इमारत को ढहाया



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जिस बिल्डिंग में जलकर 15 लोगों की मौत हुई थी, उसे आज ध्वस्त किया जा रहा है। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है। पुलिस प्रशासन की निगरानी में मशीन से बिल्डिंग गिरायी जा रही है। इमारत गिराने के लिए जेसीबी, पोकलेन एवं हाइड्रोलिक मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि 45 अधिकारी और कर्मचारियों की टीम आज शनिवार की सुबह अलीगंज पहुंचकर बिल्डिंग को गिराने का काम शुरू कर दिया। इससे पहले पुलिस की टीम ने आसपास की सड़कों पर बैरिकेडिंग लगाकर आवागमन पर रोक लगा दी है। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। इस कार्रवाई के दौरान बिल्डिंग मालिक वीरेंद्र शुक्ला के अधिवक्ता राजेंद्र शुक्ला ने धवस्तीकरण पर आपत्ति जताते हुए कहा कि एलडीए ने 25 जुलाई तक वक्ता दिया गया था, फिर उसी दिन कार्रवाई को कैसे पहुंच गये। इस कार्रवाई को वह कोर्ट में चुनौती देंगे। उल्लेखनीय है कि 22 जून को इस इमारत की दूसरे फ्लोर में बने कोचिंग में आग लग गई थी। इस अग्नि हादसे में 15 लोगों की जान चली गई थी। कई लोगों ने पाइप और तारों के माध्यम से कूदकर अपनी जान बचाई थी। इसमें एक युवक कूद गया था, जिसमें वह पैर से पैरालाइज हो गया है। इस इमारत की जांच की गई तो पाया गया कि आवासीय उपयोग के लिए स्वीकृत बिल्डिंग का व्यावसायिक इस्तेमाल किया जाने लगा। एलडीए ने भवन स्वामी को नोटिस जारी का जवाब मांगा था लेकिन उनकी ओर से कोई उचित जवाब नहीं मिला। इस पर 10 जुलाई को धवस्तीकरण के आदेश जारी करते हुए 15 दिन के भीतर इमारत को स्वयं गिराने के आदेश दिए थे। समय सीमा समाप्त होने के बाद एलडीए ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# महिला आयोग की सदस्य ने सुनीं पीड़िताओं की समस्या, 10 दिन में निस्तारण के निर्देश



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता ने शनिवार को विकास भवन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों को सुना। उन्होंने अधिकारियों को सभी मामलों का 10 दिन के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान अधिकांश शिकायतें महिला उत्पीड़न से जुड़ी रहीं। महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता ने पीड़ित महिलाओं की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं और बालिकाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में 'मिशन शक्ति' अभियान प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है।

उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं और बालिकाओं से जुड़े प्रत्येक मामले में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके। साथ ही पिछली बैठकों में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत करने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र महिलाओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के भी निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिलाधिकारी अरसला नाज, जिला विद्यालय निरीक्षक कमलेश पांडेय, बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र त्रिपाठी, सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## बौद्ध धर्म से जुड़े सारनाथ को मिली जगह : जयवीर सिंह

**लखनऊ।** लगभग 28 वर्षों के लंबे इंतज़ार के बाद भगवान बुद्ध की प्रथम धर्मदेशना स्थली सारनाथ को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में स्थान मिल गया है। इसके साथ ही सारनाथ भारत का 45वां और उत्तर प्रदेश का चौथा विश्व धरोहर स्थल बन गया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने इसे उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। दक्षिण कोरिया के बुसान शहर में आयोजित यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति के 48वें सत्र में शनिवार को यह ऐतिहासिक घोषणा की गई। इस उपलब्धि के साथ बौद्ध धर्म के सबसे पवित्र स्थलों में शामिल सारनाथ को वैश्विक विरासत के सर्वोच्च मंच पर नई पहचान मिली है। वहीं, उत्तर प्रदेश के बौद्ध सर्किट को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत के मानचित्र पर नई मजबूती मिलने की उम्मीद है। सारनाथ को 03 जुलाई 1998 को यूनेस्को की टेंटेटिव लिस्ट (संभावित सूची) में शामिल किया गया था। लगभग 28 वर्षों बाद मिली यह मान्यता उत्तर प्रदेश के लिए भी विशेष महत्व रखती है। अब तक राज्य के तीनों विश्व धरोहर स्थल- ताजमहल, आगरा किला और फतेहपुर सीकरी (आगरा क्षेत्र) तक सीमित थे।

सारनाथ के शामिल होने से उत्तर प्रदेश की विश्व धरोहर पहचान पूर्वांचल तक विस्तृत हो गई है। यह राज्य की समृद्ध बौद्ध विरासत को वैश्विक मान्यता मिली है। यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त इस विश्व धरोहर संपत्ति में चौखंडी स्तूप और सारनाथ के पुरातात्विक अवशेष शामिल हैं।

# आचार्य परशुराम के जीवन का ध्येय थी संत साहित्य की साधना : कुलपति

### आचार्य परशुराम चतुर्वेदी की जयंती पर काशी हिन्दू विवि के हिन्दी विभाग में संगोष्ठी




**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के हिन्दी विभाग में शनिवार को हिन्दी के साहित्यकार, आलोचक एवं संत साहित्य के अध्येता आचार्य परशुराम चतुर्वेदी की जयंती उल्लासपूर्ण माहौल में मनाई गई।

जयंती पर विभाग में आयोजित 'संत साहित्य के अध्ययन की परंपरा और आचार्य परशुराम चतुर्वेदी' विषयक गोष्ठी में आचार्य परशुराम चतुर्वेदी के बहुआयामी साहित्यिक एवं वैचारिक अवदान पर चर्चा हुई। गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि यदि आचार्य परशुराम चतुर्वेदी को सही अर्थों में समझना है तो उनके जीवन में 'साधना' के वास्तविक अर्थ को समझना होगा। उन्होंने कहा कि वकालत उनकी आजीविका का माध्यम अवश्य थी, किंतु संत साहित्य का अध्ययन, अनुसंधान और लेखन ही उनके जीवन का मूल ध्येय था। आचार्य परशुराम चतुर्वेदी के पौत्र होने के नाते कुलपति ने अपने बाबा से जुड़ी आत्मीय स्मृतियाँ साझा करते हुए कहा कि उन्हें लगभग पंद्रह वर्षों तक उनका सान्निध्य प्राप्त हुआ और मेरे लिए ये अत्यंत गर्व का विषय है। कुलपति ने सुझाव दिया कि आचार्य परशुराम चतुर्वेदी की साहित्यिक विरासत केवल हिंदी जगत की धरोहर नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान-परंपरा की अमूल्य निधि है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुँचाना हम सभी का दायित्व है एवं इसे पुनः प्रकाशित किया जाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि प्रो. सुषमा घिल्डियाल ने कहा कि संत साहित्य भारतीय समाज की समावेशी चेतना का प्रतिनिधि साहित्य है। आचार्य परशुराम चतुर्वेदी ने जिस निष्पक्षता और अकादमिक गंभीरता के साथ संत परंपरा का मूल्यांकन किया, वह हिन्दी आलोचना की अमूल्य धरोहर है।

## अयोध्या मंडल के 3,386 श्रमिक परिवारों को मिला कन्या विवाह अनुदान

**अयोध्या।** श्रमिक परिवारों की बेटियों के विवाह को आर्थिक संबल प्रदान करने वाली कन्या विवाह अनुदान योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 में अयोध्या मंडल के जिलों में प्रभावी ढंग से लागू हुई है। श्रम विभाग के माध्यम से एसएनए के जरिए इस योजना पर हुए व्यय की समीक्षा से स्पष्ट होता है कि मंडल के पांच जिलों- अयोध्या, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर, सुल्तानपुर और अमेठी में कुल 3,386 पात्र श्रमिक परिवारों की बेटियों को विवाह सहायता उपलब्ध कराई गई है। जिलावार आंकड़ों के अनुसार अयोध्या में सर्वाधिक 1,574 परिवारों को 8 करोड़ 67 लाख 86 हजार रुपये, सुल्तानपुर में 595 परिवारों को 3 करोड़ 27 लाख 35 हजार रुपये, बाराबंकी में 491 परिवारों को 2 करोड़ 70 लाख 5 हजार रुपये, अमेठी में 358 परिवारों को 1 करोड़ 96 लाख 90 हजार रुपये तथा अम्बेडकरनगर में 368 परिवारों को 1 करोड़ 90 लाख 85 हजार रुपये की सहायता दी गई।

## आपका राशिफल 26 जुलाई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रखें। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। पुराने मित्र मिलेंगे। शुभांक-4-6-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक 2 4 6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-1-3-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक 3 5 7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-1-4-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक 1 4 6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यर्थ की भाग दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-2-4-6